


www.gurgaontoday.in
गुड़गांव टुडे
वर्ष 11, अंक 65, पृष्ठ 08, गुरुग्राम | रविवार, 05 मार्च 2023 | facebook: https://www.facebook.com/GurgaonToday/ मूल्य 2 ₹




# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में एन.एस.एस.शिविर का शुभारम्भ



**गुड़गांव टुडे/कृष्ण कौशिक**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एनएसएस की तीनों इकाइयों द्वारा दिनांक 04.03.2023 से 10.03.2023 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉङ्क कृष्णकांत जी के दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है कआज सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजकुमार जी (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एनएसएस एमडीयू, रोहतक) और अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी द्वारा दीपशिखा प्रज्जवलन के साथ किया गया । तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय डॉङ्क कृष्ण कांत गुप्ता जी ने मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजकुमार जी को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया । सर्वप्रथम एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का लक्ष्य गीत गाया गया । तत्पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और इस शिविर की सफलता के लिए उन्होंने शुभकामनाएं भी दीं। एनएसएस स्वयंसेविका लक्ष्मी द्वारा एनएसएस के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई । उसके बाद एनएसएस सेवक गौरव द्वारा रागिनी, पवन द्वारा मिमक्री और एनएसएस स्वयंसेविका हिमिका द्वारा कविता सुनाई गई।